an>

Title: Need to convert state highways from Dohrighat via Azamgarh to Allahabad into National Highways.

श्रीमती नीलम सोनकर (लालगंज) : अध्यक्ष महोदया, मैं अति लोक महत्व के विषय को शून्यकाल में उठाना चाहती हूं। बनारस से जौनपुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 56 और जौनपुर से एस.एच. वाया आजमगढ़ होते हुए दोहरीघाट में एन.एच. 29 से मिलती है, जो गोरखपुर होते हुए नेपाल तक जाती है। इस राष्ट्रीय राजमार्ग और एस.एच. मार्ग की हालत इतनी खराब हो गयी है कि ये सड़कें मौत का कुंआ बन गयी हैं। इन सड़कों पर आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं और इन पर एक-एक, दो-दो फीट के गड्ढे बन गये हैं। इसका असर वहां की व्यावसायिक गतिविधि पर भी पड़ा है। लोगों को एक जगह से दूसरी जगह जाना पड़ रहा है। लोग यात्रा करते समय भगवान से प्रार्थना करते हैं कि हे प्रभु, मैं शाम तक सकुशल घर वापस आ जाऊं। जौनपुर से इलाहाबाद तक एस.एच. की हालत खस्ता हो गयी है। यदि दोहरीघाट से वाया आजमगढ़, जौनपुर होते हुए इलाहाबाद तक के एस.एच. को एन.एच. में परिवर्तित कर दिया जाये, तो पूर्वांचल के इन इलाकों का सर्वांगीण विकास हो सकेगा और यहां के लोग भी विकास की मुख्यधारा से जुड़ सकेंगे।

महोदया, मैं सदन के माध्यम से सड़क परिवहन और राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री से पुरजोर शब्दों में मांग करती हूं कि दोहरीघाट से वाया आजमगढ़ होते हुए इलाहाबाद तक के एस.एच. मार्ग को एन.एच. में परिवर्तित कर दिया जाये और गोरखपुर वाया मुहम्मदपुर, बनारस तक राष्ट्रीय राजमार्ग की फोर लेन सड़क बनायी जाये। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्रीमती नीलम सोनकर द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।